आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. ई–संजीवनी ने रचा नया कीर्तिमान, देशभर में 50 करोड़ से अधिक टेली–परामर्श का आंकडा पार किया, ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं।
2. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का विशेष अवसर, 10 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों पर सुबह से आयोजित होंगे विशेष शिविर।
3. दक्षिण अंडमान जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक 12 अक्टूबर से, वर्ष 2027–28 की योजनाओं पर होगा मंथन।
4. अंडमान–निकोबार की ऐतिहासिक धरोहर से रूबरू हुए लोग, द्वितीय विश्व युद्ध की विरासत पर आयोजित हुई विशेष पदयात्रा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा ई–संजीवनी ने 50 करोड़ से अधिक टेली–परामर्श का आंकड़ा पार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, देश के सभी छत्तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब तक 50 करोड़ से अधिक लोगों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श दिया जा चुका है। ई–संजीवनी देश के डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। इसके तहत एक दशमलव बयालीस लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 19 हजार से अधिक मेडिकल हब और नौ सो एक ऑनलाइन ओपीडी संचालित हो रहे हैं। इस प्लेटफॉर्म से दो लाख से अधिक स्वास्थ्यकर्मी जुड़े हैं। ई–संजीवनी के जरिए प्रतिदिन करीब दो दशमलव पांच से 3 लाख टेली–परामर्श 15 भाषाओं में

दिए जा रहे हैं। इनमें अंग्रेजी के साथ 14 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। एक दिन में छह लाख से अधिक टेली–परामर्श का रिकॉर्ड भी दर्ज किया गया है।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह ने बताया कि 10 अक्टूबर को अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर छूटे हुए तथा पहली बार मतदान कर रहे युवा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के दौरान बूथ लेवल अधिकारी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे और मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन प्राप्त करेंगे। पात्र नागरिक फॉर्म–6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मतदाता ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। सहायता के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है या वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी की ओर से कल श्री विजयपुरम में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री विजयपुरम में सेवा संकल्प अभियान के तहत कल सात अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे आईटीएफ ग्राउंड, वी आई पी रोड से होगी। पार्टी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लाइव संवाद होगा। इसके बाद बाइक रैली निकाली जाएगी, जो श्री विजयपुरम की प्रमुख सड़कों से होते हुए मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा भवन पहुंचेगी।

<><><><><><><>

आकाशवाणी और दूरदर्शन, श्री विजयपुरम में संयुक्त रूप से आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्मिक, राजस्व, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह मुख्य

अतिथि, सहायक सचिव राजेश्वर लाल सम्माननीय अतिथि, जबकि अवकाश प्राप्त कार्यक्रम निष्पादक मुमताज़ बानो विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप–महानिदेशक, अभियांत्रिकी एवं कलस्टर और कार्यालय प्रमुख सी. सुब्बा राव करेंगे।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला योजना समिति की बैठक 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उम्मर करेंगे। बैठक में वर्ष 2027–28 के जिला कार्ययोजना को अंतिम रूप देने तथा वर्ष 2026–27 की पंचायती राज संस्थाओं की कार्ययोजना को प्राथमिकता देने पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने 3 अक्टूबर को द्वीपों की साझा विरासत को याद करते हुए द्वितीय विश्व युद्ध विषय पर विरासत पदयात्रा का आयोजन किया। अंडमान निकोबार प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस पदयात्रा का संचालन स्थानीय इतिहासकार डॉ. प्रणब कुमार सरकार ने किया। पदयात्रा राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल से शुरू होकर गांधी पार्क स्थित शिंतो तीर्थ स्थल पर समाप्त हुई और इस दौरान कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वतंत्र पर्यटक मार्गदर्शकों, आम लोगों तथा टूर ऑपरेटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

<><><><><><><><>

जिला परिषद दक्षिण अंडमान द्वारा आगामी त्योहारी सीजन में पटाखों की बिक्री के लिए बंबूफ्लाट स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में अस्थायी दुकानों अथवा स्टॉल के आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों एवं विक्रेताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दुकान के लिए एक मुश्त 15,000 रुपये किराया तथा 25,000 रुपये की सुरक्षा राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक

निर्धारित आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन 8 अक्टूबर को सुबह 9 बजे तक जिला परिषद कार्यालय, अटल भवन, सचिवालय गेट के पास, श्री विजयपुरम में जमा कर सकते हैं। विस्तृत दिशा–निर्देश एवं आवेदन पत्र जिला परिषद दक्षिण अंडमान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के अस्थाई पैनल हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में आवेदन जमा करने की तिथि अब बढ़ाकर बीस अक्तूबर कर दी गई है। 40 वर्ष आयु वर्ग से कम स्नातक उम्मीदवार, जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान हो और वे नगरपालिका क्षेत्र के निवासी हो, वे इस पैनल के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी के ड्यूटी रूम में उपलब्ध है।

<><><><><><><>

सरकारी पॉलीटेक्निक डिगलीपुर में व्याख्याता और प्रयोगशाला तकनीशियन के संविदा पदों पर भर्ती के लिए 18 और19 अगस्त को हुई कंप्यूटर आधारित परीक्षा की उत्तर कुंजी अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। दावे और आपत्तियां 8 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक अपना अनुक्रमांक, प्रश्न संख्या, सही उत्तर और उसके समर्थन में कारण या संदर्भ officialgpd9@gmail.com पर भेज सकते हैं। साथ ही, प्रशासनिक कारणों से सिविल इंजीनियरिंग विषय के व्याख्याता पद की कंप्यूटर आधारित परीक्षा रद्द कर दी गई है। इस परीक्षा की नई तिथि की सूचना अलग से जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह बैडमिंटन संघ की ओर से आगामी राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए द्वीप समूह की टीम में खिलाड़ियों के चयन हेतु 17 और 18 अक्टूबर को राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित की जाएगी। 17 अक्टूबर को 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं के एकल और युगल मुकाबले होंगे, जबकि 18 अक्टूबर को 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के

बालक–बालिकाओं के एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी 16 अक्टूबर तक गूगल प्रपत्र के माध्यम से अपना प्रवेश भेज सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>